दिन– बुधवार दिनांक– 10/06/2026

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– प्रातः 08.48 बजे से। अवधिः– 15 मिनट

---

01. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भारत के सबसे लंबे कार्यकाल वाले निर्वाचित प्रधानमंत्री बने। विश्व नेताओं ने श्री मोदी के परिवर्तनकारी शासन और विकासशील देशों की पैरवी के उनके प्रयासों की सराहना की।

02. मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने कहा– बीते बारह वर्षों में बिहार समृद्ध हुआ। प्रधानमंत्री के मार्गदर्शन में आगे भी जारी रहेगी विकास यात्रा।

03. केन्द्र सरकार ने विकसित भारत जी राम जी योजना के तहत बिहार के लिए छह हजार सात सौ पन्द्रह करोड़ रूपये का अंतरिम बजट तय किया।

04. और, मौसम विभाग ने आज प्रदेश में कई स्थानों पर आंधी–बारिश और वज्रपात की चेतावनी जारी की। अररिया, कटिहार किशनगंज, मधुबनी, पूर्णियां और सुपौल जिले में भारी बारिश का अलर्ट।

————————————————————————————

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज भारत के सबसे लंबे समय तक सेवा करने वाले निर्वाचित प्रधानमंत्री बन गए हैं। श्री मोदी ने छब्बीस मई दो हजार चौदह को प्रधानमंत्री पद की शपथ ली थी। उन्होंने पंडित जवाहरलाल नेहरू का रिकॉर्ड तोड़ दिया है, जिन्होंने पहली बार तेरह मई उन्नीस सौ बावन को निर्वाचित प्रधानमंत्री के रूप में शपथ ली थी और सत्ताईस मई उन्नीस सौ चौंसठ तक पद पर रहे। पंडित नेहरू का निर्वाचित प्रधानमंत्री के रूप में कार्यकाल चार हजार तीन सौ अंठानवे दिनों का था। छब्बीस मई दो हजार चौदह से आज दस जून दो हजार छब्बीस तक, प्रधानमंत्री मोदी का निरंतर कार्यकाल अब चार हजार तीन सौ निन्यानवे दिनों का हो गया है। एक रिपोर्ट–

———रिपोर्ट———

————————————————————————————

विश्व के नेताओं ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को भारत के सबसे लंबे समय तक निर्वाचित प्रधानमंत्री रहने पर बधाई दी है। विभिन्न देशों के राष्ट्राध्यक्षों ने परिवर्तनकारी शासन, विकासशील देशों के लिए उनके प्रयासों और समावेशी तथा आर्थिक रूप से गतिशील भारत के उनके दृष्टिकोण की सराहना की है। मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने मोदी सरकार के बारह वर्ष पूरे होने पर कहा है कि प्रधानमंत्री के कार्यकाल में बिहार समृद्ध हुआ है। प्रधानमंत्री श्री मोदी को लिखे एक पत्र में श्री चौधरी ने कहा है कि

राजगीर में नालंदा विश्वविद्यालय की पुनर्स्थापना प्रधानमंत्री के मार्गदर्शन में ही सम्भव हुई है। मुख्यमंत्री ने श्री मोदी को बारह साल की स्वर्णीम कार्यकाल की बधाई देते हुये कहा है कि भविष्य में भी बिहार को उनका मार्गदर्शन और सहयोग मिलता रहेगा।

विधानसभा अध्यक्ष डॉक्टर प्रेम कुमार ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को स्वतंत्र भारत के दीर्घकालीन प्रधानमंत्री होने का कीर्तिमान स्थापित करने पर बधाई और शुभकामनाएं दी हैं। उन्होंने कहा है कि यह उपलब्धि करोड़ों देशवासियों के विश्वास की जीत है। भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष संजय सरावगी ने कहा है कि बीते बारह वर्षों में देश ने सेवा, सुशासन, गरीब कल्याण, राष्ट्रीय सुरक्षा, आर्थिक प्रगति और वैश्विक प्रतिष्ठा के क्षेत्र में अभूतपूर्व उपलब्धियां हासिल की हैं।

———————————————————————————

राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन– एनडीए की बैठक आज नई दिल्ली में होगी। बैठक में केंद्र सरकार के बारह वर्ष पूरे होने तथा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के देश के सबसे लंबे समय तक लगातार निर्वाचित प्रधानमंत्री बनने के अवसर पर विभिन्न कार्यक्रमों और आगामी रणनीतियों पर विचार–विमर्श किया जाएगा। इस दौरान भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेताओं के अलावा एनडीए के सभी घटक दलों के प्रमुख नेताओं के शामिल होने की संभावना है। बिहार समेत एनडीए शासित बाइस राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के मुख्यमंत्री तथा उपमुख्यमंत्री भी इसमें भाग लेंगे। बैठक के दौरान राष्ट्रीय विकास कार्यक्रमों, आधारभूत संरचना से जुड़ी परियोजनाओं और विकसित भारत–दो हजार सैंतालीस के लक्ष्य को लेकर सरकार की भावी कार्ययोजना पर चर्चा की जाएगी। गठबंधन के विभिन्न घटक दलों के बीच समन्वय को और मजबूत बनाने के मुद्दे पर भी विचार होने की उम्मीद है।

———————————————————————————

केन्द्र सरकार ने मनरेगा के स्थान पर विकसित भारत रोजगार और आजीविका मिशन ग्रामीण गारंटी अधिनियम – जी राम जी को सुचारू रूप से लागू करने को लेकर राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के लिए पंचानवे हजार छह सौ बानवे करोड़ रुपये के अंतरिम बजट आवंटन का प्रस्ताव रखा है। ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने नई दिल्ली में बिहार समेत सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के ग्रामीण विकास मंत्रियों के साथ वर्चुअल बैठक के बाद इसकी घोषणा की।

———साउंड बाईट———

विकसित भारत जी राम जी ये अधिनियम 1 जुलाई से लागू होने वाला, कोई दिक्कत मजदूर को न आये और विकास ग्रामीण भारत के गांव को वो भी चलता रहे। इसलिए राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को इंकिम एलोकेशन का प्रस्ताव 95 हजार छह सौ 92 करोड़ का अंतरिम आवंटन प्रस्तावित किया गया है।

——————————————————————————————————————————

ग्रामीण विकास मंत्री श्रवण कुमार ने कहा है कि विकसित भारत जी राम जी के तहत प्रदेश के लिए छह हजार सात सौ पन्द्रह करोड़ रूपये का अंतरिम बजट तय किया गया है। उन्होंने बताया कि इस योजना को लागू करने के लिए अकुशल मजदूरी मद में राज्य सरकार ने एक हजार आठ सौ नब्बे करोड़ रूपये का प्रावधान किया है।

——————————————————————————————————————————

केन्द्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने नई दिल्ली स्थित राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी के मुख्यालय का दौरा किया और इक्कीस जून को नीट की पुनर्परीक्षा की तैयारियों की समीक्षा की। पत्रकारों से बातचीत में उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार ने प्रश्न पत्रों की तैयारी से लेकर बाद की प्रक्रियाओं तक, पूर्ण गोपनीयता बनाए रखते हुए सभी आवश्यक उपाय सुनिश्चित किए हैं।

———साउंड बाईट———

सभी राज्य के मुख्यमंत्रियों को अनुरोध पत्र लिखा है। उनका पहले भी सहयोग रहा है इस बार और भी थोडा ध्यान दिया जाए। इस बीच अनेक राज्य के मुख्यमंत्री अपने राज्य की निजी उपस्थिति में डिस्ट्रिक्ट कलेक्टर की मीटिंग, एसपी की मीटिंग राउंड शुरू किये हैं। जिसमें एनटीए के डीजी स्वंय यहां ऑनलाइन जुडते हैं। अनेकों राज्यों की एक मीटिंग होती है। जैसे बिहार की मीटिंग। आने वाले दिनों में भारत सरकार की गृह सचिव भी इस पर एक उच्च स्तरीय मीटिंग लेने वाले हैं।

श्री प्रधान ने नीट परीक्षा पेपर लीक मामले के बारे में कहा कि सीबीआई इस मामले की जांच कर रही है और दोषियों को कड़ी सजा दी जाएगी।

——————————————————————————————————————————

इधर, मुख्य सचिव प्रत्यय अमृत ने बताया कि प्रदेश में नीट पुनर्परीक्षा की गोपनीयता और सुरक्षा के लिए डाक विभाग के साथ मिलकर भारतीय वायु सेना के विशेष विमानों से प्रश्न पत्रों को स्टेट हब तक सुरक्षित लाया जायेगा। उन्होंने कहा कि राज्य के चौंतीस जिलों के पैंतीस शहरों में स्थित तीन सौ इकतीस परीक्षा केन्द्रों पर एक लाख छप्पन हजार इकसठ परीक्षार्थी शामिल होंगे। वहीं, आर्थिक अपराध इकाई ने एक दिशा–निर्देश जारी करते हुये छात्रों से अपील की है कि प्रश्न पत्र या उत्तर पत्र उपलब्ध कराने के लिए कोई फोन, सोशल मीडिया या ई–मेल से संदेश मिले तो तत्काल इसकी सूचना इओयू या नजदीकी पुलिस थाने को दें।

——————————————————————————————————————————

मौसम विभाग के अनुसार आज उत्तर और दक्षिण बिहार के कई हिस्सों में आंधी, और बारिश की सम्भावना है। मौसम विज्ञान केन्द्र पटना के अनुसार इस दौरान अररिया, कटिहार, किशनगंज, मधुबनी, पूर्णियां और सुपौल जिले में कुछ स्थानों पर भारी बारिश

हो सकती है। इस दौरान इन स्थानों पर पचास से साठ किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से हवा चलने की सम्भावना है। वहीं, दरभंगा, मधेपुरा, मुजफ्फरपुर, सहरसा, समस्तीपुर, शिवहर, सीतामढ़ी और वैशाली जिले में भी आंधी और बारिश की चेतावनी जारी की गयी है। साथ ही पटना, नालंदा और गया समेत दक्षिण–मध्य बिहार के जिलों में भी बारिश और वज्रपात का येलो अलर्ट जारी किया गया है।

–––साउंड बाईट–––

इधर, पिछले चौबीस घंटों के दौरान उत्तर बिहार में कई स्थानों पर तेज आंधी और बारिश से जन जीवन प्रभावित हुआ है। कटिहार जिले की मघेली पंचायत के ग्यारहिका गांव में बारिश के दौरान एक घर पर पीपल का पेड गिर जाने से एक व्यक्ति की मौत हो गयी, जबकि एक महिला और चार बच्चे गम्भीर रूप से घायल हो गये।

———————————————————————

मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी आज सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना के लाभार्थियों के खाते में ग्यारह सौ रूपये मासिक पेंशन की राशि भेजेंगे। यह राशि डीबीटी के माध्यम से सीधे लाभार्थियों के खाते में भेजी जायेगी। पटना में आयोजित इस कार्यक्रम में उपमुख्यमंत्री विजय कुमार चौधरी और बिजेन्द्र प्रसाद यादव तथा समाज कल्याण मंत्री डॉक्टर स्वेता गुप्ता भी उपस्थित रहेंगी।

———————————————————————

बिहार बोर्ड ने सत्र दो हजार छब्बीस–सत्ताईस से दसवीं और बारहवीं की बोर्ड परीक्षा के पंजीकरण में विद्यार्थियों के लिए अपार आईडी को अनिवार्य कर दिया है। बिहार शिक्षा परियोजना परिषद के निदेशक नवीन कुमार ने बताया कि सभी स्कूलों को इस संबंध में दिशा–निर्देश दिये गये हैं। उन्होंने कहा कि शिक्षा मंत्रालय ने तीस जून तक सभी विद्यार्थियों के लिए आपार आईडी निर्माण का लक्ष्य तय किया है।

———————————————————————

नई दिल्ली की विशेष एमपी–एमएलए अदालत ने मुजफ्फरपुर जिले के साहेबगंज से भाजपा विधायक डॉक्टर राजू कुमार सिंह उर्फ राजू सिंह को न्यायिक हिरासत में भेज दिया है। अदालत द्वारा उनकी सजा पर सुनवाई तीन जुलाई को होगी। श्री सिंह को गैर इरादतन हत्या और आर्म्स एक्ट मामले में दोषी ठहराया गया है। इससे पहले उनकी सजा पर सुनवाई नौ जून को निर्धारित थी।

———————————————————————

पटना स्थित एएन कॉलेज के पास हुए मैनहोल हादसे में बिहार शहरी आधारभूत संरचना विकास निगम– बुडको ने संबंधित कार्य एजेंसी पर दो करोड़ एक लाख रुपये

का जुर्माना लगाया है। इस हादसे में एक मजदूर की मृत्यु हो गई थी, जबकि कई अन्य घायल हुए थे।

———————————————————————————

स्वास्थ्य विभाग ने मुजफ्फरपुर स्थित एक निजी अस्पताल में पिछले दिनों हुये अग्निकांड मामले में बंदरा प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र के चिकित्सा पदाधिकरी डॉक्टर पंकज कुमार को निलंबित कर दिया है। उन पर सरकारी सेवा में रहते हुये निजी अस्पताल में काम करने के आरोप है।

———————————————————————————

पटना जिले के रामकृष्ण नगर थाना क्षेत्र से पुलिस ने पन्द्रह किलो मादक पदार्थ स्मैक के साथ दो तस्करों को गिरफ्तार किया है। बरामद स्मैक की कीमत लगभग पन्द्रह करोड़ रूपये बतायी गयी है। वहीं, किशनगंज जिले के कुर्लीकोट थाना क्षेत्र अंतर्गत धर्मकाटा चौक स्थित एक कबाड़खाने में छापेमारी कर पुलिस ने सत्तर लाख रुपये मूल्य की हेरोइन के साथ सात लोगों को गिरफ्तार किया है।

———————————————————————————

मधेपुरा मंडल कारा में बंद एक विचाराधीन कैदी दीपक कुमार की कल इलाज के दौरान मौत हो गई। मृतक के परिजनों ने जेल के अंदर कैदी के साथ मारपीट का आरोप लगाया है। आक्रोशित लोगो ने विरोध–प्रदर्शन भी किया।

———————————————————————————

अब पटना से प्रकाशित प्रमुख समाचार पत्रों की सुर्खियां.......

आज के सभी समाचार पत्रों ने अलग–अलग खबरों को प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

हिन्दुस्तान ने मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी के हवाले से लिखा है – बिहार में तीस दिन के अंदर उद्योग लगाने की मिलेगी स्वीकृति।

दैनिक जागरण लिखता है – देश की सबसे बड़ी जोजिला सुरंग के मिले दोनों छोर।

दैनिक भास्कर की खास खबर है – दिल्ली एनसीआर की तर्ज पर बनेगा पटना रिंग रोड। इसके आठवें और अंतिम हिस्से दिघवारा से सराय को केन्द्र सरकार ने दी मंजूरी।

प्रभात खबर ने खेल की खबर को तरजीह देते हुये लिखा है – फुटबॉल का वर्ल्ड वॉर, कल से शुरू होगा फुटबॉल का सबसे बड़ा महाकुम्भ, फीफा विश्व कप।

आज अखबार की सुर्खी है– फतुहा में अमूल लगायेगी दो सौ करोड़ की डेयरी प्रसंस्करण इकाई। दो सौ लोगों को मिलेगा रोजगार। राष्ट्रीय सागर के शब्द हैं– बिहार में स्कूल–कॉलेज के समय नहीं चलेंगे कोचिंग।

---

और अब अंत में मुख्य समाचार, एक बार फिर.......

01. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भारत के सबसे लंबे कार्यकाल वाले निर्वाचित प्रधानमंत्री बने। विश्व नेताओं ने श्री मोदी के परिवर्तनकारी शासन और विकासशील देशों की पैरवी के उनके प्रयासों की सराहना की।

02. मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने कहा– बीते बारह वर्षों में बिहार समृद्ध हुआ। प्रधानमंत्री के मार्गदर्शन में आगे भी जारी रहेगी विकास यात्रा।

03. केन्द्र सरकार ने विकसित भारत जी राम जी योजना के तहत बिहार के लिए छह हजार सात सौ पन्द्रह करोड़ रूपये का अंतरिम बजट तय किया।

04. और, मौसम विभाग ने आज प्रदेश में कई स्थानों पर आंधी–बारिश और वज्रपात की चेतावनी जारी की। अररिया, कटिहार किशनगंज, मधुबनी, पूर्णियां और सुपौल जिले में भारी बारिश का अलर्ट।

---

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।

आकाशवाणी पटना से अगला समाचार बुलेटिन दोपहर दो बजे प्रसारित किया जायेगा। नमस्कार।